सीएम आज मिशन शक्ति के तीसरे चरण का करेंगे शुभारंभ

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को 'मिशन शक्ति अभियान' के तीसरे चरण का शुभारंभ करेंगे। हालांकि इसके लिए किसी बड़े कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया गया है, बल्कि इसे वर्चुअल कार्यक्रम के जरिए शुरू किया जाएगा।

इसमें मुख्य सचिव और गृह विभाग समेत सभी संबंधित विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री 'मिशन शक्ति अभियान' के एक पोर्टल को भी लॉन्च करेंगे। इसके माध्यम से महिलाओं को शिक्षित, सशक्त, स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिलेगी। मिशन शक्ति अभियान के तीसरे चरण को स्वास्थ्य विभाग से जोड़ा जाएगा। जिले स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें स्कूल व कॉलेज के अध्यापकों व प्रधानाचार्यों को भी जोड़ा जाएगा। ब्यूरो